



## एक नजर में



### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल के छात्रों द्वारा जूनियर ग्रुप के छात्रों के लिए वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीईओ सर्जना यादव, एसपी दीपक कुमार शुक्ला, सिविल जज सीनियर डिवीजन स्वप्नश्री सिंह, विशिष्ट अतिथि एवं इंजीनियर बीएस यादव द्वारा किया गया. तदुपरान्त छात्रों द्वारा मनमोहक सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई.स्कूल द्वारा आयोजित जूनियर ग्रुप के छात्रों के लिए वार्षिक उत्सव में प्री नर्सरी से क्लास 2 के छात्रों द्वारा जिसमें छात्रों ने प्रतिबिम्व थीम के तहत रंगारंग एवं मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई. संचालिका मनीषा कवठेकर ने छात्रों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी.



### ब्लॉक कांग्रेस ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

**आष्टा.** ब्लॉक नगर कांग्रेस द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई. इस अवसर पर प्रियदर्शिनी द्वारा देश के हित में किए गए कार्यों का उल्लेख किया गया. कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद खान गुड्डू, जिला पंचायत सदस्य कमल सिंह चौहान, पूर्व जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, सुनील कटारा, कमल सेठ, डॉ एजाज खान, कमल बड़लिया, शंकर सोनी, मसूद खान, बंशीलाल बांबे, चेतन भाटी, शंकर सक्सेना, हरेंद्र नौगांव, रूप सिंह गोरिया, तोसिफ उद्दीन, नासिर मसूदी आदि मौजूद थे.



### युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराया

**आष्टा.** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर जिला स्तरीय नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर शामिल हुए. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों विशेषकर युवाओं और छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों से अवगत कराना और नशामुक्ति के लिए प्रेरित करना है. इस अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष श्रीमती हेंमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा, एसडीएम नितिन टाले, उपसंचालक महेश यादव आदि उपस्थित थे.

# ट्रैक्टर- ट्रॉली की चपेट में आकर दो की मौत

## सड़क किनारे उगी झाड़ियों के कारण बाइक चालक नहीं देख पाया ट्रैक्टर चालक, गांव में शोक का माहौल



**सीहोर.** बुधवार की दोपहर इंदौर- भोपाल हाइवे पर फंदा टोल प्लाजा के आगे कार की टक्कर से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई.

- बुधवार की सुबह ग्राम गुराड़ी के समीप हुआ दर्दनाक हादसा
- मृतकों में एक शिक्षक, पुलिस ने चालक की तलाश प्रारंभ की

नवभारत न्यूज

**सीहोर 19 नवंबर. जिले के इछावर थाना क्षेत्र के गुराड़ी गांव में बुधवार 9.40 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी. हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दो लोगों की मौके पर मौत हो गई. मृतकों में एक सरकारी शिक्षक और दूसरा ऑनलाइन का काम करता था. टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक फरार हो गया. पुलिस ने उसके खिलाफ मामला कायम कर गिरफ्तार करने के लिए सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है.**

पुलिस के अनुसार समापुरा निवासी शिक्षक हनुमंतसिंह (55) पिता विजयसिंह उईके और ज्ञानसिंह (38) पिता देवीसिंह धाईखेड़ा की और जा रहे थे, वही गुराड़ी तरफ से ट्रैक्टर-ट्रॉली आ रहा था. रास्ते में गुराड़ी गांव में इंडियन गैस एजेंसी के पास तेज गति से आए ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर से बाइक सवार दोनों व्यक्ति सीधे सड़क पर गिरे और उनकी जान चली गई. बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई है. सूचना पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में दोनों शव को पीएम के लिए इछावर अस्पताल पहुंचाया गया.

ग्रामीणों के अनुसार गुराड़ी और धाईखेड़ा के बीच झाडिया होने के कारण मोड़ पर वाहन दिख नहीं पाते और इसी वजह से अक्सर हादसे होते रहते हैं। स्पीड पर लगाम लगाने स्पीड ब्रेकर भी नहीं बनाए गए हैं. इसे लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक कुछ नहीं हो पाया है. इससे लोगों में आक्रोश है. आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि जल्द ही झाड़ियां हटाने में गंभीरता नहीं दिखाई तो उनको आंदोलन करने का कदम उठाना पड़ेगा. मामले में थाना प्रभारी पंकज वाडेकर ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हुई है. मरने वालों में एक शिक्षक भी शामिल है. मामले में मर्ग कायम कर फरार ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक की तलाश की जा रही है.

### सनकोटा स्कूल में पदस्थ था शिक्षक

बताया जाता है कि इस लोमहर्षक हादसे में मृतक शिक्षक हनुमंतसिंह उईके सनकोटा के शासकीय माध्यमिक स्कूल में प्रधान अध्यापक थे. जिनकी एक करीब 25 साल की लड़की है. ज्ञानसिंह ऑनलाइन की ही दुकान चलाता था, जिसके दो छोटे लडके और एक लडकी हैं. जब दोपहर में दोनों की एक साथ घर से अंतिम यात्रा निकली तो हर किसी की आंख नम थी. अंत्येष्टी में शामिल होने आए लोग सिर्फ एक ही बात कहते दिखे कि ये क्या हुआ, कैसे हुआ और क्यूं हो गया. भगवान किसी को ऐसा दिन नहीं दिखाए. परिजन के रो-रोकर बुरे हाल हैं.

### अज्ञात कार ने बाइक चालक को रौंदा

**सीहोर.** थाना कोतवाली अंतर्गत आने वाले भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित फंदा टोल के समीप एक अज्ञात कार चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए इलेक्ट्रिक बाइक में टक्कर मार दी जिससे चालक की मौत हो गई. मृतक भोपाल निवासी बताया जाता है जो अपनी बाइक से गांवों में कपड़े बेचने का काम करता था. प्राप्त जानकारी अनुसार भोपाल के टीला जमालपुरा निवासी 58 वर्षीय नारायण दास आ. गोपालदास कपड़े का कारोबार करता था जो अपनी इलेक्ट्रिक बाइक पर कपड़े रखकर गांवों में बेचने जाता था. बताया जाता है कि बुधवार को वह भोपाल से सीहोर की ओर आ रहा था. जैसे ही वह फंदा टोल के आगे जीरो पाइंट के समीप पहुंचा पीछे से आ रही कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में नारायण दास की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए आरोपी चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है.

### एसपी ने किया अनेक थानों का निरीक्षण



**आष्टा.** बुधवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा अनुभाग के विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण करते हुए मातहत अधिकारियों को निर्देशित किया. पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला ने थाना आष्टा, थाना पार्वती, थाना सिद्धीकगंज, थाना जावर तथा डोडी चौकी का निरीक्षण किया गया. इस अवसर पर उन्होंने लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि वर्ष समाप्ति को ध्यान में रखते हुए सभी थानों में लंबित प्रकरणों की विवेचना समयसीमा में पूर्ण कर न्यायालय में समय पर प्रस्तुति सुनिश्चित की जाए. इसी तरह लंबित चालान व अन्य प्रकरणों को भी समयबद्ध रूप से प्रस्तुत किया जाए. उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन शिकायतों एवं थाना स्तर पर प्राप्त आवेदनों का समयसापेक्ष, पारदर्शी एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए. लापरवाही पाए जाने पर दायित्व निर्धारित किया जाएगा. जनता के प्रति पुलिस का व्यवहार विनम्र, संवेदनशील एवं सहानुभूतिपूर्ण होना चाहिए.

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीहोर 19 नवंबर.** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले के दो बीएलओ भूरूलाल और गजराज सिंह को आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शाल-श्रीफल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया.

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. के नेतृत्व में चल रही एसआईआर प्रक्रिया में इन दोनों बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना पत्रक वितरित करने, संकलित करने और बीएलओ ऐप पर डिजिटलीकरण का कार्य दक्षता और बहुत ही कम समय में पूरा किया है. आष्टा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ भूरूलाल और गजराज सिंह ने तेजी से



डिजिटलीकरण का कार्य करते हुए प्रदर्शनकर्ताओं में स्थान बनाया. कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि ये उपलब्धियां तकनीक, जिम्मेदारी और टीमवर्क के उत्कृष्ट समन्वय का परिणाम हैं. इस उपलब्धि पर कलेक्टर बालागुरू के. ने दोनों बीएलओ को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्य की सराहना की और कहा कि ये अधिकारी अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं. इस अवसर पर उन्होंने सभी कर्मचारियों से सीएसआर प्रक्रिया को गंभीरता से करने के भी निर्देश दिए.

## उपवन में तोड़फोड़ करने वालों पर हो कार्रवाई

**सीहोर.** बीते दिनों डॉ. भीमराव अंबेडकर उपवन में असमाजिक तत्वों द्वारा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की तश्वीर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था. इस घटना को लेकर दलित समाज में काफी नाराजगी है, बुधवार को घटना के विरोध में आरोपियों की गिरफ्तार की मांग को लेकर जिला अहिरवार संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन सौंपने वालों में मंशाराम अहिरवार, नर्बदा प्रसाद अहिरवार, राजू मालवीय, भोलाराम, जमनाप्रसाद, बेनीलाल अहिरवार, रमेश अहिरवार जनपद सदस्य, देवीलाल अहिरवार, भोलाराम अहिरवार सहित संगठन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे.

# वन विभाग ने पकड़ी लाखों की सागौन

- ग्राम खैरी सिलगेना में वन विभाग ने पकड़ी सागौन
- ग्रामीणों का कहना कई दिन से जारी है सागौन की कटाई

नवभारत न्यूज

**बुदनी 19 नवंबर.** ग्राम खैरी सिलगेना में अवैध सागौन कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए वन विभाग बुदनी की स्पेशल टीम ने वन माफिया के ठिकाने पर दबिश दी। मौके से लगभग 600 नग सागौन की सिल्लियां बरामद की गई हैं, जिनका बाजार मूल्य 8 लाख रुपये आंका जा रहा है.



सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई गोविंद पटेल के निवास स्थल पर की गई, जहां भारी मात्रा में सागौन की तैयार सिल्लियां छिपाकर रखी गई थीं. टीम ने लकड़ी को कब्जे में लेकर ट्रैक्टर और वाहनों की सहायता से जब्ती प्रक्रिया पूरी की.

वन विभाग की जानकारी के अनुसार, ग्राम खैरी सिलगेना और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध सागौन कटाई एवं इमारती लकड़ी के अवैध कारोबार की शिकायतें मिल रही थीं. इसी आधार पर टीम ने गोपनीय सूचना के बाद अचानक दबिश दी.

ग्रामीणों का कहना है कि इस क्षेत्र में कई दिनों से रात के समय संदिग्ध गतिविधियां देखी जा रही थीं. आशंका जताई जा रही है कि इस नेटवर्क में और भी लोग शामिल हो सकते हैं. वन विभाग ने बरामद लकड़ी का पंचनामा तैयार कर आगे की जांच शुरू कर दी है.

# इंदिराजी ने देश को बनाया आत्मनिर्भर

- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेसियों ने किया याद
- जिला कांग्रेस कार्यालय पर हुए आयोजन में दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**सीहोर 19 नवंबर.** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता में श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया. सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा श्रीमती इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया एवं उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया.



इस अवसर पर राजीव गुजराती ने श्रीमती इंदिरा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्र की अखंडता, गौरव और प्रगति को सर्वोच्च मानने वाली इंदिरा जी ने अपने अटल निर्णयों, तेजस्वी नेतृत्व और साहसिक नीतियों से भारत को मजबूत, सक्षम और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावशाली राष्ट्र बनाने का कार्य किया, उनकी दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और राष्ट्रसेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी. इस अवसर पर कांग्रेस नेता ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, सीताराम भारती, सुरेश बाबु राठौर, ओम बाबा, डॉ.अनीस खान, विवेक राठौर, एस कुमार राठौर, प्रेमनारायण परमार, देवेन्द्र ठाकुर, केके रिछारिया, तुलसी राठौर आदि कार्यकर्ता मौजूद थे.

## डिजीटल प्रमाण-पत्र के लिए चलाया अभियान

**सीहोर.** नगरीय निकाय के पेंशनर्स को सुलभ और पारदर्शी व्यवस्था देने के उद्देश्य से डिजीटल जीवन प्रमाण-पत्र के लिए व्यापक जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. नगरीय निकाय में पेंशनरों के लिए डिजीटल जीवन प्रमाण-पत्र की प्रक्रिया को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं. डिजीटल लाइफ सर्टिफिकेशन एक बायोमेट्रिक एवं आधार आधारित प्रणाली है. इसके माध्यम से पेंशनर्स बिना कार्यालय आए ऑनलाइन अपना जीवन प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं. इस प्रक्रिया में उन्हें बार-बार उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं रहती है. पेंशनरों के लिये यह सुविधा पूरी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ और पारदर्शी बनाती है.


प्रारुप - 28

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश शासन

नगर पालिका परिषद सीहोर

एन.आई.टी.संख्या 8839 / ई टेंडरिंग सीहोर दिनांक 18.11. 2025

निम्नलिखित निर्माण हेतु ठेकेदार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडों को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं।

| क्र.सं./पैकेज/कोड | आपूर्तियां | जिला (जिले) | संभावित राशि | अवधि (दिन) |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_448265_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh In Ward no. 05 to 08 under Municipal Council Sehore | सीहोर | 22,00,000/ | 12 माह |
| 2025_UAD_448266_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh In Ward no. 09 to 12 under Municipal Council Sehore | सीहोर | 22,00,000/ | 12 माह |
| 2025_UAD_448268_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh In Ward no. 17 to 20 under Municipal Council Sehore | सीहोर | 22,00,000/ | 12 माह |
| 2025_UAD_448270_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh In Ward no. 21 to 24 under Municipal Council Sehore | सीहोर | 22,00,000/ | 12 माह |
| 2025_UAD_448287_2 | Execution of All Type Construction And Maintenance Works (CC Road, WBM Road, Drain, Culvert, BT Work, Paver Block, Repair and Maintenance Works etc.) Under Rupees One Lakh In Ward no. 29 to 32 under Municipal Council Sehore | सीहोर | 22,00,000/ | 12 माह |

1- इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर NIT देख सकते हैं।
2- बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 19.11.2025 प्रात:11.00 से 03.12.2025 सांय 17:30 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
3- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।
4.- इसके अतिरिक्त किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री विजय कोली सहायक यंत्री नगर पालिका परिषद् सीहोर से संपर्क करें।
संपर्क:-मो. नम्बर , 9340307554

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् सीहोर


**मौसम** सीजन में पहली बार पारा पांच डिग्री पर पहुंचा, दिन में भी ठंड का अहसास

# हिमालय की ओर से आ रही हवाओं ने कंपकंपाया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 19 नवंबर.** लगातार दूसरे दिन तापमान में गिरावट हुई और न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रिकार्ड किया गया. यह सीजन की सबसे ठंडी रात रही. हालांकि एक दिन पहले रविवार को न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री दर्ज किया गया था. मौसम विभाग ने अगले तीन दिन और ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना जताई है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार हिमालय की ओर से आ रही बर्फीली हवाओं के कारण मौसम में परिवर्तन हुआ है.

रविवार-सोमवार की मध्य रात सीजन की सबसे ठंडी रात रही. ऐसे में न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री लुढ़ककर 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री रिकार्ड किया गया. आरएके कॉलेज स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र सिंह तोमर के अनुसार उत्तर से आ रही हवा की रफ्तार करीब 6 से 7 किमी प्रति घंटा रही. जिसके कारण तापमान में तेजी से गिरावट हो रही है. डॉ. तोमर के अनुसार ठंड अधिक पड़ने से खेतों में चना व अन्य फसलों को लाभ हो रहा है. लेकिन उन्होंने बताया कि ऐसे में जड़माहू फसलों को नुकसान पहुंचा सकता है. इसके लिए विशेषज्ञों से चर्चा कर दवा



डालकर सिंचाई करने की बात कही है. उन्होंने बताया कि अगले तीन दिनों तक रात का तापमान गिरेगा. हिमालय की ओर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण दिन में भी ठंड का प्रभाव बना रह सकता है. फिलहाल कोई भी पश्चिमी विक्षोभ नहीं बना है. इस कारण मौसम साफ है. बादल नहीं होने से दिन में सूर्य की किरणें फैल रही हैं, जिससे सीधा प्रभाव न पड़ने से ठंडक अधिक है.